हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 25 सितंबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 शासकीय गोदाम, पुलिस आवास, करनावद में पुलिस थाना...



09 नपाध्यक्ष ने सीतापाठ घाट व गोविंद सागर बांध की तलहटी का किया...



खबर संक्षेप

आज देशभर में गूंजेगा राष्ट्रस्वर

नलखेड़ा। वंदे मातरम के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में राष्ट्रभावना एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के उद्देश्य से सामूहिक वंदे मातरम् गायन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में सरस्वती विद्या मंदिर, नलखेड़ा में 25 सितंबर,शुक्रवार को प्रातः 10:30 बजे सामूहिक वंदे मातरम् गायन कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम के नगर संयोजक भेरू सिंह दासावत ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त अभिभावकों सहित नगर के सभी नागरिकों से सादर निवेदन किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सामूहिक वंदे मातरम् गायन में सहभागी बनें तथा राष्ट्रभक्ति के इस गौरवपूर्ण अवसर का हिस्सा बनें।

कलेक्टर ने तहसीलदारों को जारी किए निर्देश

नलखेड़ा। कलेक्टर एवं जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) डॉ. शेर सिंह मीना ने जिले के समस्त तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि 02 वर्ष पश्चात जन्म-मृत्यु की घटना की सूचना प्राप्त होने पर पंजीयन की अनुमति संबंधी प्रकरणों में पूर्ववत प्रक्रिया अनुसार ही कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आयुक्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, भोपाल के पत्र 8 सितम्बर 2026 के परिप्रेक्ष्य में यह स्पष्ट किया गया है कि जन्म-मृत्यु संशोधन विधेयक 2026 के गजट नोटिफिकेशन 06 अगस्त 2026 के आधार पर कुछ स्थानों पर लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किये जा रहे हैं, जिससे आमजन सेवाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। कलेक्टर डॉ. मीना ने स्पष्ट किया है कि इस संबंध में वरिष्ठ कार्यालय द्वारा कोई नवीन आदेश / निर्देश जारी नहीं किये गये हैं। अतः आगामी अन्य आदेश तक जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13(3) के तहत विलंबित पंजीयन की पूर्ववत प्रक्रिया अनुसार ही प्रकरणों का निराकरण किया जाए, ताकि सी.एम. हेल्पलाइन शिकायतों में वृद्धि न हो एवं जनसामान्य को सुगमता से सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

जैन दिवाकर विचार मंच के रांका जिला अध्यक्ष व जैन सचिव

मन्दसौर। राष्ट्रसंत श्रमण संघीय मंत्री पूज्य गुरुदेव कमल मुनि कमलेश महाराज साहब की प्रेरणा से अखिल भारतीय जैन दिवाकर विचार मंच के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष मोतीलाल बाफना की अनुशंसा से अखिल भारतीय जैन दिवाकर विचार मंच जिला इकाई मंदसौर 2026-27 के जिला अध्यक्ष के पद पर कमलेश रांका सचिव के पद पर अंकित जैन एवं कोषाध्यक्ष के पद पर अनील नाहर व सह कोषाध्यक्ष के पद पर अरिहंत भंडारी को मनोनीत किया।

आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प लिया

मंदसौर। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा स्वदेशी सप्ताह की शुरुआत मंदसौर जिले से की गई। इस अवसर पर केशव नगर स्थित सरस्वती स्कूल में स्वदेशी सप्ताह के शुभारंभ को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत पूर्णकालिक हेमंत रावत ने किया। कार्यक्रम में विभाग संयोजक अंकुश पालीवाल, विभाग पर्यावरण प्रमुख दिलीप व्यास एवं जिला संयोजक दिलीप चौधरी उपस्थित रहे। रावत ने विद्यार्थियों को स्वदेशी के महत्व, स्थानीय उत्पादों के उपयोग तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सरस्वती स्कूल के शिक्षकगण, स्कूल स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। विद्यार्थियों ने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने तथा अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया।

एसडीएम और एसडीओपी धरना स्थल पर चर्चा के लिए पहुंचे

विभिन्न मांगों को लेकर मां बगलामुखी भक्त मंडल का धरना दूसरे दिन भी जारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर हुई दर्दनाक घटना के बाद विभिन्न मांगों को लेकर माँ बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा घटना वाली पुलिया के समीप अनिश्चितकालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। दूसरे दिन एसडीओ व एसडीओपी धरना स्थल पर चर्चा करने पहुंचे लेकिन आंदोलनकारियों द्वारा उन्हें कोई अधिकार नही होने की बात कह कर वरिष्ठ अधिकारियों को चर्चा के लिए भेजने का आग्रह किया गया है। माँ बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा बुधवार से प्रशासन के समक्ष 11 प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें 19 सितंबर की घटना के लिए जिम्मेदारी तय कर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग, मंदिर मार्ग पर बनी पुलिया की चौड़ाई एवं ऊंचाई तत्काल बढ़ाने तथा नाले का बहाव श्मशान की ओर परिवर्तित कर समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग प्रमुख है।

इसके साथ ही मंदिर परिसर में तत्काल पुलिस चौकी स्थापित करने, श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में शुद्ध एवं शीतल पेयजल की व्यवस्था करने, मंदिर प्रबंधन में शासकीय समिति के साथ अशासकीय सदस्यों को भी शामिल करने तथा पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित कर सीसीटीवी कैमरे एवं प्रकाश व्यवस्था में सुधार करने, मंदिर परिसर में जनरेटर एवं पर्याप्त लाइटिंग की व्यवस्था, यात्रियों के बैठने के लिए पर्याप्त मात्रा में शेड एवं कुर्सियों की व्यवस्था, यज्ञशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं का तत्काल निराकरण, मंदिर परिसर में निःशुल्क सुलभ कॉम्प्लेक्स का संचालन तथा श्रद्धालुओं के लिए विश्राम गृह को तत्काल शुरू किए जाने जैसी मांगों को लेकर बुधवार से अनिश्चितकालीन धरना प्रारम्भ किया गया है जोकि दूसरे दिन गुरुवार को भी जारी रहा।

गुरुवार को बड़ी संख्या में भक्तगण धरने पर बैठे

गुरुवार को धरने के समापन के समय अनुविभागीय अधिकारी, एसडीओपी देवनारायण यादव एवं थाना प्रभारी शशि उपाध्याय धरना स्थल पर पहुंचे जहां उनके द्वारा कुछ व्यवस्थाएं कर देने एवं कुछ के प्रस्ताव बनाकर भेजने की बात कही लेकिन आंदोलंकारियो द्वारा अपना मांग पत्र सौपकर उनके अधिकार में कुछ भी नही होने की बात कह कर वरिष्ठ अधिकारियों को चर्चा के लिए भेजने का आग्रह किया गया। गौरतलब है कि नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर 18 सितंबर को उड़ीसा से 8 दर्शनार्थी माता रानी के दरबार मे पहुंचे थे जोकि हवन अनुष्ठान के बाद 18-19 सितंबर की दरम्यानी रात लगभग 12 बजे वापस लौट रहे थे कि मंदिर के समीप स्थित नाले की पुलिया पर तेज बहाव का पानी होने से उनकी कार बह गई थी जिसमे सवार 8 भक्तों की मौत हो गई थी। बताया जा रहा है कि पुलिया पर पानी होने के बाद भी वहाँ ना तो बेरिकेटिंग की गई थी ना ही सुरक्षा के लिए कोई गार्ड मौजूद नही था। इस दर्दनाक और हृदयविदारक घटना के बाद 6 दिन बीत जाने पर भी प्रशासन द्वारा घटना को लेकर किसी की भी जवाबदेही तय नही की है और ना ही किसी दोषी अधिकारी पर कार्यवाही नही की है। जिसको लेकर भक्तों में आक्रोश व्याप्त है।

बालिकाओं ने ग्रहण की भोजन प्रसादी

गणेश उत्सव पर किया भव्य कन्या भोज का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

नगर में गणेश महोत्सव के चलते विभिन्न गणेश पंडालों में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ अनेक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में माताजी चौराहा पर ह्यकानड़ के राजाह्न के नाम से विराजित गणेश प्रतिमा के आयोजक लव कुश मित्र मंडल द्वारा माताजी रोड स्थित मांगलिक भवन में भव्य कन्या भोज का आयोजन किया गया।कन्या भोज में नगर सहित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों की बालिकाओं को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं के भाल पर तिलक लगाकर विधिवत स्वागत किया गया तथा उन्हें भोजन प्रसादी ग्रहण कराई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में बालिकाओं ने प्रसाद ग्रहण किया।कन्या भोज की व्यवस्थाओं में मंडल के युवाओं के साथ युवतियों एवं महिलाओं ने भी सक्रिय रूप से सहयोग किया। आयोजन को लेकर नगरवासियों में उत्साह नजर आया और लव कुश मित्र मंडल के इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन की सराहना की जा रही है।लव कुश मित्र मंडल द्वारा गणेश उत्सव के दौरान प्रतिवर्ष विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन किए जाते हैं। आयोजन में मंडल के सदस्य नवनीत राठौर, नितिन बरेठा, जीवन बरेठा, चिंटू गुप्ता, बलराम खाटवा, देवेन खाटवा एवं अक्षय विश्वकर्मा सहित अन्य सदस्यों का सहयोग रहा।

विवाह संबंध समान भाषा-वेशभूषा व रुचि वालों के यहां ही करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

सामान्यतः जैन संत मुनि गृहस्थ जीवन छोड़ संयम जीवन की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देते हैं लेकिन जैन धर्म व दर्शन में कई ऐसे शास्त्र भी हैं जो गृहस्थ जीवन कैसा हो, श्रावक-श्राविकाओं को धर्ममय जीवन कैसा जीना चाहिए तथा विवाह संबंध कहाँ करना चाहिए इस पर भी विस्तार से बताते हैं। धर्मबिन्दु ग्रंथ शास्त्र में भी हरिभद्रसूरि ने विवाह संबंध कहाँ करना चाहिए इस विषय पर अपने ग्रंथ में विस्तार से बताया है। उनका मत है कि विवाह संबंध समान भाषा, समान वेशभूषा व समान रुचि वाले परिवारों के मध्य होना चाहिए तभी गृहस्थ जीवन अनुकूल रहेगा।

उक्त उद्गार प.पू. जैन संत मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी म.सा. ने कहे। आपने गुरूवार को राजेन्द्र विलास जीवागंज में आयोजित धर्मसभा में कहा कि शास्त्रकार श्री हरिभद्रसूरि म.सा. ने धर्मबिन्दु ग्रंथ में बताया कि विवाह संबंध समान भाषा, समान वेशभूषा एवं समान रुचि वाले परिवारों के मध्य होना चाहिए। युवक-युवती अलग-अलग गोत्र हो, उनका कुल अर्थात खानदान समान आर्थिक सामाजिक स्थिति वाला हो तथा उनका शील अर्थात रहन-सहन, व्यवहार, खान-पान समान हो तभी विवाह करना चाहिए, साथ ही शास्त्रकार कहते हैं कि समान भाषा व वेशभूषा नहीं होने पर विवाह के बाद शंका व घर में क्लेश होने की स्थिति बन सकती है। युवक युवती के मध्य समान रुचि अर्थात समान हॉबी होना भी जरूरी है यदि रुचि की समानता है तो गृहस्थ जीवन उत्तम हो सकता है। युवक-युवती के मध्य समान रुचि का अर्थ उनके समान विचारों से भी है दोनों के विचार मिलते हैं तो जीवन निर्वहन बेहतर होता है। धर्मसभा में श्री पवित्ररत्नविजयजी म.सा. ने भी अपने विचार रखे। प्रभावना तेजमलजी चांदमलजी दुग्गड परिवार के द्वारा वितरित की गयी।

त्रिस्तुतिक संघ की विनती पर मंदसौर के राजेन्द्र विलास में प्रवचन कर रहे तथा श्री अजीतनाथ मंदिर के समीप उपाश्रय में विराजित प.पू. जैन संत मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्नविजयजी म.सा. विगत दो माह से (चातुर्मास प्रवेश के दिन से लेकर अनंत चतुर्दशी तक) एकासने कर रहे हैं अर्थात वे चातुर्मास में केवल 24 घण्टे में एक बार आहार कर रहे हैं तथा उत्तम तप साधना करते हुए चातुर्मासिक धर्मक्रियाएं कर रहे हैं। -खूब अनुमोदना की है।



पर्यावरण सेवा प्रकल्प के तहत रोटरी क्लब मंदसौर ने देवडूंगरी माताजी मंदिर परिसर में किया 111 पौधों का पौधारोपण

मंदसौर। रोटरी क्लब मंदसौर द्वारा अपने निरंतर जारी पर्यावरण सेवा प्रकल्प के अंतर्गत देवडूंगरी माताजी मंदिर परिसर एवं पहाड़ियों पर 111 बड़े पौधों का पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में नीम, पीपल, बरगद, शीशम सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। जन्मदिन के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का यह संकल्प समाज के लिए प्रेरणादायी पहल रहा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सकल जैन समाज मंदसौर के अध्यक्ष लोकेंद्र जैन गोटावाला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के संकल्प कर्तव्य का पालन कर समाज में पर्यावरण जागरूकता के प्रति आदर्श प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर जिला वन अधिकारी (डीएफओ) श्री संजय रायखेड़े ने अपनी गरिमामय सहभागिता प्रदान की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं अधिक से अधिक पौधारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। क्लब अध्यक्ष अनिल चौधरी ने बताया कि रोटरी क्लब मंदसौर के पर्यावरण सेवा प्रकल्प के अंतर्गत निरंतर पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। क्लब सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को निरंतर जारी रखने तथा समाज में हरियाली और स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प दोहराया है। पर्यावरण सेवा के पुनीत अवसर पर समाज सेविका सुश्री इष्टा भाचावत, रोटरी क्लब मंदसौर के अध्यक्ष अनिल चौधरी, सचिव संजय जैन (श्वेता), प्रवीण उकावत, प्रमोद क्रीमती,भूपेंद्र सोनी, कपिल भंडारी, सुरेन्द्र जैन (योग गुरु), दिनेश रांका, राधेश्याम झंवर,डॉ.अभिजीत जैन, आदि रहे मौजूद।

नगर परिषद नलखेड़ा के विकास की ओर बढ़ते कदम

विभिन्न वार्डों में 77 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर परिषद द्वारा नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए शासन योजना अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में 77 लाख से अधिक लागत के सीसी रोड, नाली निर्माण कार्यो का भूमि पूजन कार्यक्रम गुरुवार को नगर के विभिन्न वार्डों में आयोजित हुआ। मुख्य नगरपालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल ने बताया कि विभिन्न विकास कार्यों के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 03 में पूर्व पार्षद मोतीलाल के मकान से कुंडखेड़ा तक एवं गवली धर्मशाला चौक में सीसी रोड निर्माण एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 07 में मेन रोड से मोतीलाल के मकान तक, रमेश कुमावत के मकान से मन्नूबाई के मकान तक एवं सैफुभाई की गली में सीसी रोड, आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 08 में भेरू महाराज से रमेश कुशवाहा के मकान तक बद्रीलाल से राम मंदिर एवं लालू राम तक सीसी रोड तथा आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 09 में राम मंदिर के समीप से नीलकंठेश्वर मंदिर तक एवं गली में सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 10 में पीपल चौक, ताराचंद की गली एवं अन्य गली में सीसी रोड तथा आरसीसी नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 14 में शिवलाल कुंभकार के मकान से बालोद्यान तक एवं अमन टेलर की गली में सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन कार्यक्रम गुरुवार को दोपहर 4.30 बजे से वार्ड के क्रम में आयोजित हुआ। भूमि पूजन के इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल नलखेड़ा अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी उपाध्यक्ष प्रितेश फाफरिया,पार्षद गोवर्धन वेदिया, देवेंद्र गुप्ता, विष्णु आटेडिया, इसाक खान, विजय भिलाला,पार्षद प्रतिनिधि निलेश लोढ़ा,राकेश गवली,इलियास भाई, अंबाराम बेगाना, मनोज गायरी आदि के साथ संबंधित वार्ड वासियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा भाग लिया गया। नगर परिषद अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी द्वारा कहां गया कि नागरिकों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाना पहली प्राथमिकता है । उसी के तहत शासन द्वारा प्राप्त राशि के द्वारा पूर्व में विभिन्न वार्डों में एक करोड़ 40 लाख रुपए लागत के कार्यों का भूमि पूजन करवा कर कार्य संपन्न करवाए गए। वहीं गुरुवार, 24 सितंबर को विभिन्न वार्डों में 77 लाख रुपए से सीसी रोड तथा आरसीसी नाली निर्माण कार्य कार्य करवाए जायेंगे जिसके लिए भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ।

अमृत वाटिका में श्रमदान कर स्वयंसेवकों ने दिया स्वच्छता का संदेश

एनएसएस स्थापना दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों का सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर में राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस उत्साह, सेवा-भावना और सामाजिक सरोकारों के साथ मनाया गया। समारोह में विशिष्ट व्याख्यान के साथ उत्कृष्ट सहभागिता करने वाले स्वयंसेवकों का सम्मान, एनएसएस ह्यबीह्न प्रमाण-पत्र वितरण तथा महाविद्यालय परिसर स्थित अमृत वाटिका में श्रमदान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी राजू कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और स्वयंसेवकों की सामाजिक भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों को केवल सेवा कार्यों से जोड़ने का माध्यम नहीं, बल्कि उनमें अनुशासन, नेतृत्व, संवेदनशीलता और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त मंच है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ललिता लोधा ने कहा कि एनएसएस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना है। उन्होंने स्वयंसेवकों से सामाजिक चुनौतियों के प्रति जागरूक रहकर निरंतर रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता करने का आह्वान किया। जिला संगठक एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य ने कहा कि एनएसएस स्वयंसेवक महाविद्यालय और समाज के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं। सेवा कार्यों के माध्यम से विद्यार्थी न केवल समाज की आवश्यकताओं को समझते हैं, बल्कि उनमें नेतृत्व, सहयोग और जिम्मेदारी की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने स्वयंसेवकों को सेवा और सामाजिक सहभागिता की गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आई.क्यू.ए.सी. कोर कमेटी की सदस्य अर्पिता गोराना ने आई.क्यू.ए.सी. का प्रतिनिधित्व किया। समारोह के दौरान विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग क्विज प्रतियोगिता में 100 से अधिक पंजीयन करवाने वाले एनएसएस स्वयंसेवकों को पदक पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित स्वयंसेवकों में मोहम्मद कैफ, विमला पाटीदार, प्रीति पाटीदार एवं खुशबू परिहार शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला संगठक डॉ. अनिल कुमार आर्य ने किया। अंत में सहायक प्राध्यापक अर्पिता गोराना ने आभार व्यक्त किया।

7 अखाड़े के होंगे दुर्लभ प्रदर्शन

आज आज निकलेगी 16 आकर्षक झांकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

अनन्त चतुर्दशी पर्व पर आज 25 सितम्बर शुक्रवार को रात्री 9 बजे से आकर्षक एवं नयनाभिराम इंदौर को भुलाने वाली 16 झांकियों का कारवां निकलेगा, साथ ही 7 अखाड़े अपने हैरतं अगेज करतब दिखाएंगे। 10 स्थान पर विभिन्न स्वरूपों में भगवान गणेश जी की प्रतिमाओं के होंगे विशेष दर्शन'.गणपति विर्सजन का 62 वां चल समारोह रात्रि 9 बजे गणपति चौक स्थित श्री द्विमुखी चिन्ताहरण गणपति मंदिर पर परम्परानुसार कलेक्टर दिव्यांकसिंह, एवं जिला पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा द्वारा पूजा अर्चना किये जाने के बाद 16 झांकियां व 7 अखाड़ों के साथ आरम्भ होगा। इस आशय की जानकारी देते हुए श्री केंद्रीय गणेशोत्सव समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल , , संयोजक बसन्त शर्मा प्रदीप भाटी, महासचिव गोपाल मंडोवरा , कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंहल, प्रवक्ता कपिल मावर ने बताया कि अनंत चतुर्दशी के चल समारोह में श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपति मंदिर, श्री राधेश्याम शर्मा एंड पार्टनर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, सकल वाल्मीकि समाज नगर पालिका, श्रीराम गणेश उत्सव समिति राम टेकरी, देहली गेट गणेश उत्सव समिति सम्राट मार्केट , श्री कृष्ण गणेश उत्सव समिति नयापुरा, श्री भैरवनाथ नवयुवक गणेश उत्सव समिति नयापुरा, श्री क्षत्रिय मेवाडा कुमावत समाज मित्र मंडल नरसिंहपुरा, श्री जय कालका माता ग्रुप बालाजी व्यायाम शाला गुप्तांन्द आश्रम , जनपद पंचायत मंदसौर, वैश्य महासम्मेलन , संयुक्त माली समाज, श्री त्रिनेव ग्रुप नेहरू बस स्टेंड सजीव झांकी , कालका माता गणेशोत्सव समिति संजीत नाका , श्री राधा कृष्ण ग्रुप की झांकिया चल समारोह में सम्मिलित रहेगी और दस स्थानों पर बड़े गणपति जी की विभिन्न स्वरूपों में विशाल प्रतिमाएं दर्शन हेतु आकर्षण का केंद्र रहेगी ' जिसमें त्रिनेत्र गणेशोत्सव समिति बस स्टैंड, जय कालका माता गणेश उत्सव समिति सम्राट मार्केट ,श्री चौक के राजा गणेश उत्सव समिति नरसिंहपुरा, श्री त्रिलोक युवा संघ नरसिंहपुरा ,श्री सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति गोल चौराहा , संत कंवरराम गणेश उत्सव समिति, बसेर चौक के राजा सहित अन्य स्थानों के भगवान गणेश के रूप चल समारोह मार्ग पर विराजित रहेगे।



चल समारोह महाराणा प्रताप चौराहा से प्रारंभ होकर बीपीएल चौराहा, गांधी चौराहा, बस स्टेण्ड, घण्टाघर, सदर बाजार होता हुआ श्री पशुपतिनाथ मंदिर पहुंचेगा। रात्रि में 9 बजे तक सभी झांकियां महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड से चलकर सुबह 4 बजे तक बीपीएल चौराहे को पार करेगी तथा सुबह 4 बजे से 7 बजे तक बीपीएल चौराहे से घण्टाघर तक नयनाभिराम झांकियों का कारवां रहेगा। जिसमें विभिन्न अखाड़ों के पहलवान हेरत अंगेज करतब दिखाएंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि चल समारोह के दौरान पूरे मार्ग एवं चिन्हित स्थानों पर झांकिया खड़ी रहेगी जो अपने निर्धारित समय पर ही आगे बढ़ेगी। झांकियों के संचालक व्यवस्था को सुचारू चलाने में सहयोग प्रदान करेंगे। इसके अलावा विद्युत मण्डल झांकियों की विद्युत सज्जा को जगमगाने के लिये विद्युत पॉइंट विभिन्न खम्बों पर लगाएंगे तथा चल समारोह मार्ग में आने वाली विद्युत लाइनों के रखरखाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक झांकी के साथ विद्युत मण्डल के दो-दो कर्मचारी तैनात रहेंगे। नगरपालिका मार्ग की सड़कों से आवारा पशु को सड़क से हटाने का काम करेगी। पूरे मार्ग पर पुलिस प्रशासन पुख्ता सुरक्षा व्यवस्थाएं करेगा। मनचलों पर सख्ती के साथ लगाम लगाई जायेगी। आपात स्थिति में एंबुलेंस की व्यवस्था बस स्टैंड, शहर कोतवाली, जिला चिकित्सालय पर रहेगी, फायर बिग्रेड कंट्रोल रूम तथा शहर कोतवाली पर तैनात की जाएगी। चल समारोह के दौरान पेयजल की व्यवस्था नगरपालिका द्वारा विभिन्न स्थानों पर की जावेगी। तथा नगर के अनेकों सामाजिक संगठनों द्वारा भी अल्पाहार एवं पेयजल की व्यवस्था की जावेगी।

खबर संक्षेप

यात्रा का करनावद फाटे पर हुआ स्वागत



चापडा। सेवा संकल्प अभियान तहत निकली जाने वाली यात्रा गुरुवार को बागली क्षेत्र में पहुंची। जानकारी अनुसार वड़नगर से बनारस जा रही सेवा संकल्प यात्रा का करनावद फाटे पर नप. अध्यक्ष परशराम पाटीदार, रजत पाल सिंह राजपुत, राजेश गोयल, सुनील पुरोहित आदि ने स्वागत किया।

जुआ खेल रहे पांच आरोपी गिरफ्तार



बागली। कमलापुर पुलिस व्दारा ऑपरेशन प्रहार तहत कार्रवाई करते हुए पांच व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। एसडीओपी बागली संजयसिंह वैस के मार्गदर्शन में कमलापुर पुलिस ने ग्राम मातमोर में खेत पर जुआ खेलते हुए पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि मुखविर से सूचना मिली थी कि मातमोर में एक खेत पर कुछ लोग जुआ खेल रहे है, जिस पर टीम द्वारा दबिश देकर 5 लोगो को ताश पत्तों के साथ हार जीत का जुआ खेलते कुल नगदी 5150 रुपए के साथ पकड़ा गया। जुआ एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरप्तार आरोपी लक्ष्मण उर्फ लक्ष्मीनारायण जाट, ब्रजेश शर्मा, सुरेशचंद्र विश्वकर्मा, जितेन्द्र राठौर अमरपुरा, जितेन्द्र माली है।

कृषि उपज मंडी में विपणन कार्य रहेगा बंद

देवास। बैंक की प्रस्तावित हड़ताल के चलते देवास अनाज व्यापार संघ ने 28, 29 एवं 30 सितंबर 2026 को कृषि उपज मंडी में विपणन कार्य बंद रखने की सूचना दी है। इस संबंध में अनाज व्यापार संघ के सचिव ने 24 सितंबर को मंडी प्रशासन को पत्र सौंपा। पत्र में बताया गया कि बैंक हड़ताल होने की स्थिति में व्यापारियों को किसानों के भुगतान में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसी को देखते हुए तीन दिनों तक विपणन कार्य बंद रखने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले की बागली विधानसभा को दी कई सौगातें

शासकीय गोदाम, पुलिस आवास, करनावद में पुलिस थाना निर्माण की सीएम ने की घोषणा


मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 35 लाख से अधिक हितग्राहियों को सिंगल क्लिक से 212 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों में निरंतर परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्र धर्म की भावना के साथ काम किया है। वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनकी संवैधानिक जिम्मेदारी की शुरुआत हुई और आज वे देश के प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को भव्य और दिव्य राम मंदिर की सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी जा रही युवाओं की बाइक यात्रा के देवास जिले के पुंजापुरा में स्वागत करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के प्रदेश के 35 लाख 42 हजार हितग्राहियों को सिंगल क्लिक से 212 करोड़ 57 लाख रुपए की राशि उनके खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने करनावद पुलिस सहायता केंद्र को पुलिस थाना बनाने, पुलिस जवानों के लिए आवास निर्माण करने तथा शासकीय गोदाम के लिए राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल और सांसद वी.डी. शर्मा इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवास का बागली तपोनिष्ट नेता पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कैलाश जोशी जी का कार्य क्षेत्र रहा है। समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम के माध्यम से ही विकास और जनकल्याण की यात्रा निरंतर जारी है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार सेवा और जनकल्याण की सभी योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ा रही है।



उन्होंने कहा कि 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश में 20 साल से बंद राज्य परिवहन निगम के अंतर्गत फिर से बसों के संचालन का श्रीगणेश होने जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में 5 लाख किलोमीटर का सड़क नेटवर्क है, प्रदेश में हाइवे और एक्सप्रेस-वे भी तेजी से बनाए जा रहे हैं। राज्य परिवहन निगम की बसें नगरीय निकायों, एक शहर से दूसरे शहर और दूसरे राज्यों तक भी चलाई जाएंगी। प्रदेश की ग्रामीण आबादी को भी मुख्यमंत्री सुगम परिवहन बस सेवा का लाभ मिलेगा।इस दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, बागली विधायक मुरली भंवरा, विधायक खातेगांव आशीष शर्मा, विधायक हाटपीपल्या मनोज चौधरी, विधायक सोनकच्छ डॉ. राजेश सोनकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारीगण, सेवा संकल्प बाइक यात्रीगण, गणमान्य नागरिकों के साथ बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में राजेश यादव ने आभार प्रकट किया। मंच संचालन की भूमिका अरविंद त्रिवेदी ने किया।

कालूखेड़ी तालाब में होगा प्रतिमाओं का विसर्जन

निगम ने की विसर्जन के लिए व्यवस्थाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर 25 सितंबर को शहर में विराजित भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विधि-विधान से कालूखेड़ी तालाब में विसर्जन किया जाएगा। नगर निगम द्वारा बड़ी और छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने बताया कि शहर के विभिन्न स्थानों और घरों में विराजित गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कालूखेड़ी तालाब पर क्रेन एवं अन्य मशीनों की व्यवस्था की गई है। बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए निगम की टीम तैनात रहेगी, वहीं छोटी प्रतिमाओं के लिए भी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। घरों में विराजित छोटी गणेश प्रतिमाओं के औपचारिक विसर्जन के लिए निगम ने शहर में छह स्थानों पर अस्थायी कुंड बनाए हैं। इनमें मण्डूक पुष्कर तालाब धरना स्थल, इटावा बस स्टैंड उज्जैन रोड, बालगढ़ हनुमान मंदिर चौराहा, मीरा बावड़ी के पास, मिश्रीलाल नगर कैलादेवी चौराहा स्थित नारायण स्टील दुकान के पास तथा मेंढकी रोड चौराहा कर्मदीप स्कूल के पास कुंड बनाए गए हैं। इसके अलावा मीठा तालाब के दोनों ओर भी कुंड रखे गए हैं। इन स्थानों पर घरों में विराजित छोटी प्रतिमाओं को विधि-विधान से औपचारिक रूप से विसर्जित किया जा सकेगा।

निगम द्वारा इन स्थानों पर प्रतिमाओं के संग्रहण की व्यवस्था भी की गई है। एकत्रित प्रतिमाओं को निगम की टीम द्वारा कालूखेड़ी तालाब ले जाकर विधि-विधान से विसर्जित किया जाएगा। आयुक्त दलीप कुमार ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मीठा तालाब, मण्डूक पुष्कर तालाब तथा क्षिप्रा नदी में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही प्रतिमाओं के साथ पूजन सामग्री एवं अन्य सामग्री को जलस्रोतों में विसर्जित करने पर भी रोक रहेगी। निगम ने श्रद्धालुओं से निर्धारित स्थानों पर ही प्रतिमाओं का विसर्जन करने की अपील की है।

श्री मनकामनेश्वर सेवा समिति द्वारा गणेश उत्सव अंतर्गत भंडारा संपन्न



देवास। दस दिवसीय श्री गणेश उत्सव के अंतर्गत श्री मनकामनेश्वर सेवा समिति द्वारा भंडारा पुराना बस स्टैंड मनकामेश्वर चौराहे पर बुधवार को देर शाम रखा गया, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा शाम 7 बजे महाआरती के बाद प्रारंभ हुआ और देर रात तक चलता रहा, जिसमें हजारो की संख्या में महिला श्रद्धालु पुरुष श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश का भोजन प्रसाद ग्रहण किया और आशीर्वाद लिया। भगवान श्री गणेश की महाआरती में मुख्य अतिथि के रूप में विक्रमसिंह पवार, सुभाष शर्मा, जयसिंह ठाकुर, मनीष सेन, रेखा वर्मा, प्रयास गौतम, मनोज राजानी, राजीव खंडेलवाल सहित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य जनों की उपस्थिति में भगवान श्री गणेश की महा आरती संपन्न हुई जिसके बाद अतिथियों की मौजूदगी में भंडारा शुरू हुआ जो कि देर रात तक चला। इसी के साथ कई सामाजिक धार्मिक और राजनीतिक संगठन के पदाधिकारी भी विशाल भंडारे में सम्मिलित हुए।

हाटपीपल्या बनी जिले की 10वीं पूर्णतः सीसीटीवी लैस नगर परिषद


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अपराधों की रोकथाम और घटनाओं के त्वरित खुलासे के उद्देश्य से देवास पुलिस के ऑपरेशन त्रिनेत्रम एक कैमरा जिले की सुरक्षा के नाम के तहत हाटपीपल्या कस्बे में व्यापक सीसीटीवी नेटवर्क स्थापित किया गया है। करीब 16 लाख रुपए की लागत से कस्बे के 30 प्रमुख स्थानों पर कुल 132 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही हाटपीपल्या जिले की 10वीं ऐसी नगर परिषद बन गई है, जो पूर्णतः सीसीटीवी निगरानी से लैस हो गई है। कार्यक्रम में संभाग आयुक्त आशीष सिंह, एडीजीपी राकेश गुप्ता, डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर ऋतुराज सिंह और एसपी पुनीत गेहलोद मौजूद रहे। इस दौरान सीसीटीवी स्थापना में सहयोग करने वाले जनसहयोगियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पुलिस के अनुसार वर्ष 2025 में संपत्ति संबंधी अपराधों में करीब 6.12 करोड़ रुपए की संपत्ति बरामद की गई, जिसकी बरामदगी दर 77 प्रतिशत रही। वर्ष 2024 में यह आंकड़ा 62 प्रतिशत था। वहीं वर्ष 2026 के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार कुल संपत्ति अपराधों में 17 प्रतिशत, नकबजनी में 22 प्रतिशत, वाहन चोरी में 30 प्रतिशत और कार चोरी में 38 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत 1 नवंबर 2024 से जिले में सीसीटीवी नेटवर्क के विस्तार का अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार अब तक जिले में 5.41 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से कुल 11,822 सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा चुके हैं। इनमें 54 ग्राम पंचायतें और 10 नगर परिषदें पूर्णतः सीसीटीवी निगरानी से लैस हो चुकी हैं।पुलिस के अनुसार सीसीटीवी कैमरों का उपयोग महिला एवं बालिका सुरक्षा, चोरी, हत्या, हत्या के प्रयास सहित गंभीर अपराधों की रोकथाम, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी और आरोपियों की पहचान में किया जा रहा है। फुटेज अपराधों की विवेचना में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में भी उपयोगी साबित हो रही है। एसपी गेहलोद ने नागरिकों से अपने गांव, मोहल्ले और प्रतिष्ठानों में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने में सहयोग की अपील की।

आश्रम में शारदीय नवरात्रि पर होगा देवी अनुष्ठान



सोनकच्छ। अखंड प्रकाश मंडल सेवा एवं परमार्थिक ट्रस्ट आनंद आश्रम की बैठक अध्यक्ष अजय सिंह बघेल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शारदीय नवरात्रि पर आश्रम में मां दुर्गा सप्तशती पाठ एवं देवी अनुष्ठान कराने का निर्णय लिया गया। अनुष्ठान पं. राजेंद्र कुमार व्यास एवं पं. गणेश शर्मा के सानिध्य में होगा। आश्रम के महामंत्री सौभाग सिंह ठाकुर ने बताया कि बैठक में भोजनशाला में नया टीन शेड लगाने सहित आश्रम परिसर में आवश्यक मरम्मत एवं नवीन निर्माण कार्य कराने पर सहमति बनी। बैठक में कोषाध्यक्ष राधेश्याम जोशी, ट्रस्टी मोहन सिंह बघेल, महेशचंद सिसोदिया, अर्पणा, हरीश मुंगी, पं. गणेश शर्मा एवं राजाराम प्रजापत सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। बैठक के बाद आश्रम परिसर में स्थापित भगवान गणेशजी की प्रतिमा का पूजन, माल्यार्पण एवं आरती की गई।

विभिन्न गणेश पांडालों में पहुंचे विधायक डॉ. सोनकर, पूजा-अर्चना और आरती की



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

गणेश महोत्सव के अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर सजे गणेश पांडालों में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। बुधवार को विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने नगर के विभिन्न गणेश पांडालों में पहुंचकर भगवान श्री गणेश के दर्शन किए तथा पूजा-अर्चना एवं आरती में शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने पार्वती विहार कॉलोनी सहित नगर के अन्य गणेश पांडालों में पहुंचकर भगवान गणेश की आरती की। धाकड़सेरी में आयोजित श्री गणेश महाराज की महाआरती एवं 'हारे के सहारे बाबा खाटू श्याम' की ज्योत प्रज्ज्वलन कार्यक्रम में भी विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने सहभागिता की। इस अवसर पर निरंजन सिंह सेंगर, विजेंद्र सिंह मनासा, हरेंद्र सिंह पिलवानी, अभिषेक शर्मा, हितेश जाजू, राहुल धाकड़ सहित गणेश मंडलों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सुना है कलेक्टर साहब आने वाले हैं..... ऑनलाइन सेंटरों पर शिकायती आवेदन तैयार कराने उमड़ रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा




सुना है कलेक्टर साहब आने वाले हैं..." इन दिनों भौरासा नगर में यह चर्चा आम है। जैसे ही नगर में 26 सितंबर को कलेक्टर के संभावित कार्यक्रम की खबर फैली, विभिन्न विभागों से जुड़ी अपनी समस्याओं और शिकायतों को लेकर नागरिक भी तैयारियों में जुट गए हैं। बताया जा रहा है कि 26 सितंबर को सुबह 10 बजे बाबा भंवरनाथ मंदिर परिसर में कार्यक्रम आयोजित होना है। प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां की जा रही हैं। कलेक्टर के आने की चर्चा के साथ ही नगर के ऑनलाइन सेंटरों पर शिकायतों के आवेदन तैयार कराने वालों की संख्या बढ़ गई है। कोई पेंशन की समस्या लेकर आवेदन तैयार करवा रहा है तो कोई आवास, बिजली, जमीन और सरकारी कब्जे से जुड़ी शिकायत लेकर पहुंच रहा है।

नगर परिषद, विद्युत मंडल, स्वास्थ्य, शिक्षा और राजस्व विभाग से जुड़ी समस्याओं को लेकर भी नागरिक अपनी शिकायतें तैयार करवा रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि कई शिकायतें पहले से ही सीएम हेल्पलाइन 181 पर दर्ज हैं, लेकिन उनके निराकरण का इंतजार बना हुआ है। ऐसे में कलेक्टर के नगर आगमन को लोग अपनी समस्याओं को सीधे प्रशासन के सामने रखने के अवसर के रूप में देख रहे हैं। स्थानीय लोगों की एक शिकायत कलेक्टर के नगर में कम आने को लेकर भी है। नागरिकों का कहना है कि भौरासा देवास से करीब 16 किलोमीटर दूर है और कलेक्टर का आवागमन कई बार भौरासा फाटे से होता है, लेकिन नगर में प्रशासनिक निरीक्षण का अवसर अब तक नहीं मिला।

लोगों का कहना है कि जिले में पदस्थ हुए डेढ़ वर्ष से अधिक समय बीतने के बावजूद नगर के सरकारी विभागों का निरीक्षण नहीं हुआ है। अब कलेक्टर के संभावित दौरे को लेकर लोगों में उम्मीद है कि वर्षों से चली आ रही स्थानीय समस्याओं पर प्रशासन का ध्यान जाएगा और संबंधित विभागों को समयबद्ध निराकरण के निर्देश मिलेंगे। नागरिकों की नजर अब इस बात पर है कि दौरे के दौरान कितनी शिकायतें सामने आती हैं और उनमें से कितनों का मौके पर या बाद में निराकरण हो पाता है।

पीएम मोदी ने सेवा संकल्प बाइक यात्रियों से किया वर्चुअल संवाद

सीएम ने यात्रियों के साथ सुना पीएम का उद्बोधन





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत गुजरात के वडनगर से उत्तर प्रदेश के वाराणसी तक विशेष बाइक यात्रा निकाली जा रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने यात्रा में शामिल बाइक राइडर्स से अलग-अलग स्थानों से वर्चुअली जुड़कर संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम में जिले के बागली विकासखंड स्थित ग्राम पुंजापुरा में उपस्थित होकर सेवा संकल्प बाइक यात्रियों के साथ पीएम का उद्बोधन सुना। ग्राम पुंजापुरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मोदी ने 'सेवा संकल्प बाइक यात्रा' के बाइकर दीपेश गोटी से आत्मीय संवाद किया और यात्रा के खट्टे-मीठे अनुभवों के बारे में जानकारी ली।

संवाद के दौरान शाजापुर के निवासी गोटी ने बताया कि 17 सितंबर को वडनगर से प्रारंभ हुई इस यात्रा के माध्यम से उन्हें न केवल बहुत कुछ सीखने को मिला, बल्कि जगह-जगह स्वच्छता तथा सघन पौधरोपण जैसे सेवा कार्य करने का सुअवसर भी प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान अन्य राज्यों के युवाओं से विभिन्न भाषाएं सीखने और उनकी समृद्ध संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिल रहा है। कार्यक्रम के अंत में यात्रा प्रभारी सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। बाइक यात्रा 17 सितंबर को वडनगर से वाराणसी के बीच निकाली जा रही है, जिसमें 250 बाइकों पर 500 सेवा यात्री सवार होकर विभिन्न राज्यों के अनेक जिलों व गांवों से गुजरते हुए वाराणसी पहुंचेंगे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा, प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल,सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, बागली विधायक मुरली भंवरा, विधायक खातेगांव आशीष शर्मा, विधायक हाटपीपल्या मनोज चौधरी, विधायक सोनकच्छ डॉ. राजेश सोनकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारीगण, सेवा संकल्प बाइक यात्रीगण, गणमान्य नागरिकों के साथ बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बागली के विकास को देखकर यादव की प्रशंसा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



उप मुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा पुंजापुरा कार्यक्रम के बाद बागली नगर परिषद पहुंचे। उन्होंने बागली के विकास को देखते ही कमल यादव की प्रशंसा की। मंत्री देवड़ा ने कहा कि वाकई बागली नगर का कायाकल्प कर इसका नक्शा बदल दिया है। नवीन परिषद भवन प्रदेश भर में एक माडल है। देवड़ा ने कहा कि जनता जनप्रतिनिधि को चुनती इसलिए है कि वो कुछ अच्छा करें, विकास कार्यों की नई इबारत लिखे और हर सुख दुःख में जनता की मदद करें। उन्होंने नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव से कहा कि नगर परिषद में जो भी व्यक्ति किसी काम के लिए आए वह संतुष्ट होकर जाना चाहिए। इस दौरान मुकेश गुप्ता, रजत बजाज, मोहन मानधन्या, राधेश्याम राठौड, धर्मेन्द्र गुरु, नूर मोहम्मद शेख, गोलु राठौर, पंकज यादव आदि ने उप मुख्यमंत्री देवड़ा का स्वागत किया।

गणेश विसर्जन के लिए घाट की मरम्मत की, सफाई, प्रकाश व सुरक्षा के निर्देश

नपाध्यक्ष ने सीतापाठ घाट व गोविंद सागर बांध की तलहटी का किया गया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्रीगणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर नगर पालिका परिषद ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में नपाध्यक्ष सोनाली जैन एवं अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने पालिका टीम के साथ जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित सीतापाठ घाट एवं गोविंद सागर बांध की तलहटी स्थित विसर्जन स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, स्वच्छता बनाए रखने और सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण की शुरुआत सीतापाठ घाट से की गई। पालिका अध्यक्ष ने घाट तक पहुंचने वाले मार्ग पर चल रहे सड़क मरम्मत कार्य का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अवर अभियंता को कार्य की लगातार मॉनिटरिंग करने तथा सभी व्यवस्थाओं को समय से दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रीगणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान घाट की कुछ सीढ़ियां क्षतिग्रस्त पाए जाने पर पालिका अध्यक्ष ने उनकी आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही घाट पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया। नपाध्यक्ष ने गोविंद



सागर बांध की तलहटी पहुंचकर विसर्जन स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने आसपास की झाड़ियों को हटाने, बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विसर्जन के लिए बनाए गए कुण्ड की सफाई कराने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि श्रीगणेश विसर्जन के दौरान नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा, स्वच्छता और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता में रहे। सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को निर्धारित समय से पहले पूरा कराने के साथ-साथ विसर्जन स्थल पर निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए। पालिका अध्यक्ष ने संबंधित टीम को निर्देश दिए कि विसर्जन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं व्यवस्थित रहें। घाट की मरम्मत, सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा से जुड़े कार्यों की निगरानी करते हुए समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूरी की जाएं, ताकि गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान किसी तरह की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान पार्षद जगदीश यादव, पार्षद रामकिंकर पटैरिया, अवर अभियंता निधि पाण्डेय, निर्माण लिपिक दीपेंद्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक रमाकांत तिवारी, लिपिक अमित पाराशर, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू सहित नगर पालिका परिषद के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनपद की 10 इकाइयों में 415 ग्राम सभाओं सहित 61 वार्डो में हरिशंकरी पौधरोपण किया

लोक भारती व गो सेवा आयोग की पहल, जिला प्रशासन का सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



लोक भारती एवं गो सेवा आयोग की पहल पर जिला प्रशासन के सहयोग से जनपद में हरिशंकरी पौधरोपण अभियान के अंतर्गत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया गया। अभियान के तहत जनपद की 10 इकाइयों एवं 415 ग्राम सभाओं में हरिशंकरी पौधों का रोपण किया गया। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और जनपद को हरित एवं स्वच्छ बनाने के संकल्प को मजबूत करना है।

इसी क्रम में ललितपुर शहर में नगर पालिका परिषद की ओर से विभिन्न वार्डों में हरिशंकरी पौधरोपण कराया गया। इसमें पार्षदों, सामाजिक संगठनों एवं नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। सभी ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शहर के अंबेडकर पार्क में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन सहित नगर पालिका की पूरी टीम मौजूद रही। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन ने हरिशंकरी वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से इनका संरक्षण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल करना भी बेहद आवश्यक है, तभी पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य पूरा हो सकेगा। वहीं, हरिशंकरी अभियान के सह-संयोजक अंकुर जैन सानू बाबा ने कहा कि ह्लआज आपके नगर में त्रिदेव की स्थापना हुई है। पीपल, बरगद और पाकड़ के रूप में रोपे गए ये वृक्ष हमारी धार्मिक आस्था और प्रकृति के संरक्षण का प्रतीक हैं। हम आने वाली पीढ़ी को एक बहुत बड़ी सौगात देकर जाएंगे। इन पौधों को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी को हम सबको मिलकर निभाना है।

कार्यक्रम में अभियान के मीडिया प्रभारी रविंद्र दिवाकर, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुरेश बडेरा,भारत विकास परिषद से संजीव कड़की, सफाई निरीक्षक जीतेन्द्र स्वरूप तिवारी, राजस्व निरीक्षक आशुतोष कुमार, निर्माण लिपिक दीपेंद्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, सेवा निवृत्त वरिष्ठ लिपिक रमाकांत तिवारी, हेड सुपर वाइजर संजय कुमार, पुरुषोत्तम कुशवाहा, धीरेन्द्र घावरी, कपिल घावरी, प्रियंक करोसिया सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने पौधरोपण अभियान में अपनी सहभागिता निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। हरिशंकरी पौधरोपण अभियान के माध्यम से पीपल, बरगद एवं पाकड़ जैसे पवित्र और पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण वृक्षों को एक साथ रोपित करने की परंपरा को बढ़ावा दिया जा रहा है। अभियान से जुड़े लोगों ने आमजन से अपील की कि वे अपने गांव, मोहल्ले एवं वार्ड में पौधरोपण करें और लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करें। अभियान का संदेश है कि पौधरोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।

जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में सुनी समस्याएं, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

डीएम ने फोन पर एसडीएम व ईओ से कहा, लंबित मामले हल करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

आमजन समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा दैनिक जनसुनवाई में एक-एक कर फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान तहसील तालबेहट के ग्राम टोड़ी निवासी भानसिंह ने अपनी भूमि कंप्यूटर (भूलेख) पर दर्ज न होने की शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने तत्काल फोन मिलाकर उपजिलाधिकारी तालबेहट को निर्देशित किया कि वे इस मामले का स्वयं संज्ञान लें और त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित की भूमि को कंप्यूटर पर दर्ज कराना सुनिश्चित



करें। इसी दौरान शहर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी बिनीता ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पति अमरदीप, नगर पालिका में संविदा सफाईकर्मी के पद पर तैनात थे, जिनकी मृत्यु विगत अप्रैल माह में हो चुकी है। पति के निधन के लगभग 5 माह बीत जाने के बाद भी उन्हें आउटसोर्स पर नियुक्ति नहीं मिल सकी है। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल अधिशासी अधिकारी (ईओ) नगर पालिका को फोन कर नाराजगी व्यक्त की और मौजूदा शासनादेश के तहत मृत कर्मचारी की पत्नी बिनीता को आउटसोर्सिंग पर तुरंत नियुक्ति देने के कड़े निर्देश दिए। दैनिक जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। जिलाधिकारी ने चकबंदी, पैमाइश, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, वृद्धावस्था व विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत आपूर्ति, जल जीवन मिशन के तहत रेस्टोरेशन और राशन कार्ड से संबंधित प्राप्त सभी आवेदनों को ध्यानपूर्वक देखा। अधिकांश मामलों में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर ही शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया। शेष प्रकरणों के लिए समय-सीमा निर्धारित करते हुए गुणवत्तापूर्ण समाधान की आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की इस संवेदनशीलता और कड़े रुख का असर अब धरातल पर साफ दिखने लगा है।

दैनिक जनसुनवाई के माध्यम से वर्षों से लंबित मामलों का मिनटों में समाधान होने से आमजन के जीवन में बेहद सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। दूर-दराज के गांवों से आने वाले गरीब और असहाय पीड़ितों को अब न्याय के लिए भटकना नहीं पड़ रहा है, जिससे उनका समय और धन दोनों बच रहा है। जिलाधिकारी के सटीक और त्वरित फैसलों से जनसामान्य के बीच जिला प्रशासन की छवि अत्यंत विश्वसनीय, संवेदनशील और पारदर्शी बनकर उभरी है। जनता के मन में यह विश्वास गहरा हुआ है कि जिला मुख्यालय पहुंचने पर उनकी बात न सिर्फ सुनी जाएगी, बल्कि उस पर तत्काल और निष्पक्ष कार्रवाई भी होगी।

मेरे सपनों का भारत पर बच्चों ने उकेरी विकसित भारत की तस्वीर

सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्रसेवा प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सिद्धि सागर एकेडमी, ललितपुर में ह्यमेरे सपनों का भारतह्ल विषय पर चित्रसेवा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा छह, सात और आठ के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा और भारत के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने भारत की विगत दस वर्षों की प्रगति को विभिन्न चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया। बच्चों की चित्रकारी में नारी शक्ति, चंद्रयान-3, बुलेट ट्रेन, डिजिटल भारत, स्मार्ट सिटी तथा बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण विषय प्रमुखता से उभरकर सामने आए। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से देश के विकास और बदलते भारत की तस्वीर को दर्शाया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने ह्यविकसित भारत 2047ह्ल को लेकर अपने सपनों और विचारों को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। बच्चों ने बेहतर शिक्षा व्यवस्था, लिंग-समानता और प्रदूषण रहित भारत की कल्पना को अपनी कलाकृतियों में स्थान दिया। इन चित्रों के माध्यम से विद्यार्थियों ने देश के विकास के साथ-साथ सामाजिक समानता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी सोच को भी प्रस्तुत किया। चित्रसेवा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने में विद्यालय के सभी शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिक्षकों ने बच्चों को रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए प्रेरित किया और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी कल्पनाशक्ति और कलात्मक कौशल प्रदर्शित करने का अवसर मिला। विद्यालय की नोडल अधिकारी एवं डायरेक्टर रीता जैन ने प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत चित्रों की सराहना की। उन्होंने बच्चों की कुशल चित्रकारी की प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को विकसित करने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पांच विद्यार्थियों को जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। डायरेक्टर रीता जैन ने अभिभावकों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अभिभावकों के सहयोग से ही विद्यालय के शिक्षक बच्चों में छिपी प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें निखारने का अवसर प्राप्त कर पाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

सेवा संकल्प बैठक आयोजित

युवा मोर्चा की निकलने वाली यात्रा के लिए व्यवस्था बनाएंः रावत



ललितपुर । महरौनी में स्थानीय मैरिज गार्डन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सेवा और समर्पण के 25वें वर्ष पर सेवा संकल्प अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारी बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रुप में कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू जी उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं कुशल ओजस्वी संचालन जिला महामंत्री गौरव गौतम ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने प्रस्तावना रखते हुए कहा कि क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू की प्रेरणा से पहली वार जिला बैठक तहसील मुख्यालय पर आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों को युवा मोर्चा द्वारा जो बनारस से बड़नगर यात्रा निकल रही है और नगर में आ रही है उस की व्यवस्था में सभी जिला पदाधिकारियों को नेपथ्य में रह कर काम करना है और इसे व्यवस्थित रूप देना है। मुख्य अतिथि वक्ता कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू ने शुरुआत में समस्त पदाधिकारियों से उनके मण्डल प्रभार की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और उनके कार्य में आने बाली दिक्कत की समीक्षा की और निराकरण हेतु सुझाव दिए।

उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र की बैठक की अध्यक्षता शक्ति केंद्र अध्यक्ष करेंगे ।जब बूथ पर आप मन की बात सुनेंगे तो उसमें हमारे कार्यकर्ता पदाधिकारियों के अलावा विचार परिवार के लोगों और अपनी विचारधारा के समर्थक प्रबुद्ध लोगों को आवश्यक रुप से बुलाना है । उन्होंने कहा कि हमें अपने प्रत्येक बूथ पर ऐसे लोगों की पहचान करना जो पात्र होने के बाबजूद सरकारी योजनाओं का लाभ पाने से बंचित हैं उन्हें लाभार्थी बनाने हेतु प्रयास करना है। अन्त में जिला महामंत्री हरीराम सिंह लोधी एड ने सभी का आभार व्यक्त किया। इसके पूर्व उन्होंने पार्टी के बरिष्ठ कार्यकर्ताओं का माल्यार्पण स्वागत किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू का महरौनी जाते समय मसोराखुर्द,घटवार,खिंतवांस में भी कार्यकर्ताओं द्वारा हजारों की भीड़ के साथ स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत,श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी, क्षेत्रीय मंत्री रमेश कुमार कुशवाहा नझाई, क्षेत्रीय सदस्य बंशीधर श्रीवास,जिला महामंत्री हरीराम सिंह लोधी एड, गौरव गौतम, रजनी अहिरवार, जिला कोषाध्यक्ष मनीष सड़ैया, जिला उपाध्यक्ष अरविंद कौशिक, रुचिका बुन्देला, महेश श्रीवास्तव भैया,रजनी साहू,अबतार सिंह लोधी एड, उमाशंकर भोंड़ेले, अनुपमा जायसवाल , जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, जिला मंत्री सोनाली बबेले,देवेन्द्र तिवारी,,दीपक पाराशर , मोहिनी रजक,रुपेश साहू,बरिष्ठ नेता ई भागीरथ बरुआ, मुन्ना लाल रजक, ब्लोक प्रमुख प्रतिनिधि रजऊ राजा मैगुंवा,डा स्वाधीनता कृष्ण, मण्डल अध्यक्ष गण भगतसिंह राठौर,आशीष त्रिपाठी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह बुंदेला, रामस्वरूप निरंजन, बृजेश सिंह लोधी, मुकेश पाल,कृपाल सिंह लोधी,देशपत कुशवाहा,नीरज पटैरिया, देवीसिंह बुन्देला, दीपेन्द्र लोधी, रामगोपाल विश्वकर्मा,सोवरन सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे।

रेलवे स्टेशन पर 6 किलो 100 ग्राम गांजा समेत तस्कर गिरफ्तार

ट्रेन में चेकिंग शुरू हुई तो ललितपुर स्टेशन पर उतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



ललितपुर रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 6 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान प्रताप सिंह, निवासी मुल्तान नगर, गली नंबर-7, भोला रोड, थाना टीपी नगर, मेरठ के रूप में बताई गई है।

पुलिस के अनुसार आरोपी नागपुर से गांजा खरीदकर दिल्ली में बेचने के लिए ले जा रहा था। ट्रेन में चेकिंग शुरू हुई तो ललितपुर स्टेशन पर उतर गया जीआरपी के अनुसार प्रताप सिंह नागपुर से दिल्ली जाने वाली ट्रेन में सफर कर रहा था। इसी दौरान ट्रेन में चेकिंग शुरू हो गई। चेकिंग से बचने के लिए आरोपी ललितपुर रेलवे स्टेशन पर उतर गया। प्लेटफॉर्म पर वह संदिग्ध हालत में घूम रहा था। इसी दौरान जीआरपी की नजर उस पर पड़ी और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर पिट्ठू बैग लेकर बैठा था संदिग्ध जीआरपी थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह परिहार बुधवार रात करीब 9 बजे पुलिसकर्मियों के साथ प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर संदिग्ध लोगों की जांच और सुरक्षा व्यवस्था देख रहे थे।

इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर बीना एंड की ओर बने शौचालय के पास एक संदिग्ध व्यक्ति बैठा है। मुखबिर ने पुलिस को बताया कि संदिग्ध ने सफेद शर्ट और मटमैले रंग की पैंट पहन रखी है तथा उसके पास एक पिट्ठू बैग है। सूचना मिलते ही जीआरपी टीम प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर पहुंची। पुलिस को देखते ही संदिग्ध भागने लगा।

जीआरपी टीम ने पीछा कर उसे बीना एंड पर पकड़ लिया। बैग में खाकी टेप से लिपटे मिले दो बंडल पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रताप सिंह बताया। इसके बाद मादक पदार्थ की तलाश और बरामदगी की कार्रवाई के लिए एनडीपीएस एक्ट के तहत आरपीएफ के असिस्टेंट सिक्योरिटी कमिश्नर को मौके पर बुलाया गया। उनकी मौजूदगी में आरोपी के काले रंग के पिट्ठू बैग की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बैग के अंदर खाकी टेप से लिपटे हुए दो बंडल मिले। बंडलों को खोलने पर उनमें गांजा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार वजन कराने पर एक बंडल में 5 किलो और दूसरे में 1 किलो 100 ग्राम गांजा मिला। इस तरह कुल 6 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया। नागपुर से गांजा खरीदकर दिल्ली में बेचने की बात कबूली पुलिस के मुताबिक पूछताछ में प्रताप सिंह ने बताया कि वह नागपुर से गांजा खरीदकर दिल्ली में बेचने के लिए ले जा रहा था। जिस ट्रेन से वह दिल्ली जा रहा था, उसमें चेकिंग शुरू होने पर उसे पकड़े जाने का डर लगा।

मुखबिर की सूचना पर जीआरपी ने दबोचा

जीआरपी के मुताबिक स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था और संदिग्ध लोगों की जांच के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई की। पुलिस ने बताए गए हुलिए और स्थान के आधार पर आरोपी की पहचान की। आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा, लेकिन टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। गांजा तस्करी के नेटवर्क को लेकर पूछताछ जारी जीआरपी अब आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि वह गांजा कहां से खरीदता था, दिल्ली में किसे सप्लाई करने वाला था और इस तस्करी में उसके साथ और कौन लोग जुड़े हैं। पुलिस नागपुर से दिल्ली तक मादक पदार्थ पहुंचाने वाले नेटवर्क और आरोपी के अन्य संभावित संपर्कों की भी जानकारी जुटा रही है।

11वां आयुर्वेद दिवस मनाया

आयुष चिकित्सा शिविर में मरीजों को दिया परामर्श, जागरुक किया

ललितपुर। प्रशांति इंटर कालेज में 11वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में प्रातः 10 बजे से वृहद आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जनसामान्य को आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी एवं योग जैसी भारतीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पद्धतियों के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा लोगों को उपलब्ध आयुष चिकित्सा सेवाओं का लाभ प्रदान करना रहा। शिविर का शुभारंभ सदर विधायक राम रतन कुशवाहा जी, डॉक्टर राजेश भारती, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, डॉ. डॉक्टर विनीता भारती तथा जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. राजेश कुमार शाक्य द्वारा भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया । इस अवसर पर भगवान धन्वंतरि का पूजन-अर्चन कर आयुर्वेद एवं आयुष चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से समाज के स्वस्थ एवं निरोगी जीवन की कामना की गई। डॉ. दीपक चौबे ने कुशल संयोजन में विभिन्न आयुष चिकित्सा पद्धतियों से संबंधित चिकित्सा परामर्श एवं स्वास्थ्य सेवाएं व्यवस्थित रूप से अपना उद्बोधन दिया।

विभिन्न आयुष चिकित्सा पद्धतियों से मिला परामर्शः शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं दवा प्रदान किया गया। वहीं होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श डॉ. राजेश कुमार शाक्य तथा यूनानी चिकित्सा परामर्श डॉ. सुनील कुमार द्वारा आयुष चिकित्सा परामर्श दिया गया। आयुष की समग्र स्वास्थ्य दृष्टि को जन तक पहुंचाने शिविर में योग चिकित्सा परामर्श एवं योगाभ्यास मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

जैन अटा मंदिर में पर्युषण पर धर्मसभा, अनंतचतुर्दशी पर कलशाभिषेक होगा

एकत्व में ही जीवन शांति और आनंद की अनुभूतिः विशद सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

जैन अटा मंदिर में पर्युषण पर धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि विशद सागर महाराज ने कहा कहा जीवन की यात्रा अकेले अकेले चुपचाप नदी की तरह करनी होगी जैसे नदी बिना किसी की प्रतीक्षा किए बिना किसी से बातचीत किए समर्पित नाव भाषा में एक लक्ष्य बनाकर चलती है वैसे ही हमें जीवन की यात्रा करनी होगी। उन्होने कहा आकिंचन्य धर्म आत्मा की उस दशा का नाम है जहां बाहरी सब छूट जाता है किन्तु आंतरिक संकल्प विकल्पों की परिणत्ति को भी विश्राम मिल जाता है। बाहरी परित्याग के बाद भी मन में मैं और मेरे पन का भाव निरंतर चलता रहता हैए जिससे आत्मा बोझिल होती है और मुक्ति की यात्रा नहीं कर पाती है। आज का धर्म जीवन की यात्रा को एकांकी आगे बढ़ाने का धर्म है जिसमें अपने और पराए का भेद समझकर निर्विकल्प निबंद एकांकी आत्मा की अनुभूति में उत्तरना पडता है। उन्होने कहा एकत्व में शान्ति और अनेकत्व में अशान्ति है। एकाकीपन में आनंद की अनुभूत्ति होती है जो आत्मकल्याण में साधक है। धर्म सभा के प्रारम्भ में तत्वार्थसूत्र का वाचन पाठशाला परिवार की कुनाल, सोनाली, महक द्वारा किया गया जिसमें अर्थ अनिल जैन अंचल अध्यक्ष देवोदय तीर्थ परिवार द्वारा समर्पित किए गए। जबकि मंगलाचरण



उपासना नजा ने किया। मध्यान्ह में तत्वार्थ सूत्र को मुनि श्री ने श्रावकों को विस्तार से समझाया। नगर के जैन मंदिर अभिनंदनोदय तीर्थ, आदिनाथ बड़ा मंदिर, पार्श्वनाथ नया मंदिर, आदिनाथ मंदिर गांधीनगर, चन्द्रप्रभु मंदिर डोडाघाट, शान्तिनगर मदिर गांधीनगर इलाइट जैन मंदिर, सिविल लाइन, वाहुवलिनगर पार्श्वनाथ कालौनी एम्ब्रोशिया कालौनी के अतिरिक्त दयोदय प्फु संरक्षण केन्द्र स्थिति मुनिसुव्रत्तनाथ मंदिर एवं ज्ञानोदय कालौनी स्थित मंदिर में पूजन भक्ति के लिए श्रद्धालुजन पहुंच रहे है। पर्यूषण पर्व पर नगर के जैन मंदिरों में वालक वालिका मण्डल ने आकर्षक झांकी लगाई जो आकर्षण का केन्द्र रही श्रद्धालु झांकियां देखकर बच्चों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। आदिनाथ मंदिर नईवस्ती में विद्यासागरपाठशाला, महिला मण्डल ज्ञान इकाई, चेलना इकाई द्वारा बच्चों की सराहनीय प्रस्ततियां सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से दी गई जिसमें विजेत्ता प्रतिभागी पुरस्कृत हुए। पार्श्वनाथ जैन नया मंदिर में पूर्णमति महिला मण्डल द्वारा शोना टडैया, गुंजा जैन, राखी जैन के संयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। जैन पंचायत के महामंत्री आकाश जैन के अनुसार पर्यूषण पर्व के समापन पर 25 सितम्बर को प्रात 8 बजे से अभिनंदनोदय तीर्थ क्षेत्रपाल मंदिर में मुनि श्री विशद सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में कलशाभिषेक का आयोजन एवं प्रवचन तथा सायंकाल जैन मंदिरों में कलशाभिषेक सम्पन्न होगा।


पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने चिकित्सकों की कमी का भी पत्र में किया उल्लेख

जिला चिकित्सालय रेफर केंद्र बन गया, प्रमुख सचिव से शिकायत

व्यवस्थाएं न सुधरी न तो धरने पर बैठेंगे पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिला चिकित्सालय राजगढ़ अब प्रसूताओं के लिए रेफर केंद्र जैसा हो चुका है। यहां नार्मल केस को भी गंभीर बताकर हायर सेंटरों में रेफर किया जा रहा है और वहां प्रसूताओं की नार्मल डिलेवरी हो जाती हैं। निजी चिकित्सालयों को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। उक्त आरोप पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखते हुए लगाए हैं। अपने पत्र में श्री तंवर ने जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों व अन्य मेडीकल स्टाफ की कमी को भी प्रमुखता से उठाते हुए स्टाफ बढ़ाने की मांग प्रमुख सचिव से की है। पत्र में आगे उल्लेख है कि राजगढ़ जिला चिकित्सालय में उनके(श्री तंवर के) कार्यकाल में जिला चिकित्सालय का उन्नयन कर 500 बेड की क्षमता की गई थी तथा आधुनिक मशीनें डायलिसिस एवं सीटी स्कैन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं लेकिन पर्याप्त डॉक्टर


बापूसिंह तंवर
पूर्व विधायक

एवं मेडिकल स्टाफ नहीं होने के कारण इन सुविधाओं का अपेक्षित लाभ आम जनता को नहीं मिल पा रहा है। पूर्व विधायक ने पत्र में कहा कि राजगढ़ क्षेत्र के ग्राम करोड़ी स्थित उप-स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर नहीं होने के कारण ग्रामीणों को उपचार के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

लोकायुक्त घेरे में आई सीएमएचओ का भी उठाया मुद्दा

20 हजार रुपए की रिश्वत लेते लोकायुक्त पुलिस भोपाल के हाथों रंगेहाथों पकड़ी गई राजगढ़ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल के संबंध में भी विधायक ने प्रमुख सचिव को अवगत कराया है। उल्लेख है कि सीएमएचओ को पद से हटाने के आदेश में स्वास्थ्य आयुक्त एस. धनराजु ने लोकायुक्त द्वारा की गई कार्यवाही की पुष्टि का उल्लेख नहीं किया जिसके चलते सीएमएचओ डॉ. पटेल अपने तबादले पर न्यायालय से स्थगन आदेश ले आईं। यही कारण था कि लोकायुक्त ने स्वास्थ्य आयुक्त एस. धनराजु को 21 सितंबर को तलब किया। आपको बतादें कि लोकायुक्त कार्यालय के उप पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र सिंह ने यह नोटिस जारी किया था।

विशेषज्ञों के 51 पद स्वीकृत लेकिन कार्यरत सिर्फ 17

बतादें कि 500 बिस्तरीय राजगढ़ जिला चिकित्सालय हेतु विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों के 51 पद स्वीकृत हैं जिनमें से सिर्फ 17 पद ही भरे हुए हैं वहीं 34 पद खाली हैं। इसी तरह स्टाफ नर्सों भी अपने स्वीकृत पदों की तुलना में काफी कम संख्या में यहां अपनी सेवाएं दी रही हैं।

खास-खास

जिला चिकित्सालय हेतु स्वीकृत व भरे पद

पद	स्वीकृत	भरे	रिक्त
विशेषज्ञ	51	17	34
स्त्री रोग विशेषज्ञ	05	02	03
शिशु रोग विशेषज्ञ	07	02	05
ईएनटी	02	00	02
मेडीकल ऑफिसर	31	11	20

इनका कहना है

यदि जलद जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी पूरी नहीं और व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो मैं कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठूंगा।
- बापूसिंह तंवर, पूर्व विधायक, राजगढ़

चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न

'मेरे सपनों का भारत' थीम पर विद्यार्थियों ने उकेरे अपने सपने



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'मेरे सपनों का भारत' थीम पर विकासखंड स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन षासकीय उत्कृश्ट उमावि सारंगपुर में किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर चित्रों के माध्यम से भारत के प्रति अपने सपनों और विचारों को अभिव्यक्त किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नेहा मालवीय, कक्षा 10वीं, षासकीय हाईस्कूल चिड़लावण्या ने प्राप्त किया। द्वितीय सानि उत्कृश्ट विद्यालय सारंगपुर एवं षासकीय उमावि पाड्लियामाता ने प्राप्त किया, जबकि तृतीय सानि सांदीपनि विद्यालय मऊ के विद्यार्थियों ने हासिल किया। कार्यम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती नीलम सोनी सक्सेना, मोर्चा अध्यक्ष राजगढ़, मोहन गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष भाजपा एवं सेवा संकल्प जिला प्रभारी, कैलाष नगर, जनपद उपाध्यक्ष सारंगपुर, विश्णु पाटीदार, सेवा संकल्प अभियान मंडल प्रभारी, दिनेष सिसोदिया, एल्उरमैन, सुनील बागवान, पार्शद प्रतिनिधि, तारागंज तथा लोकेंद्र गुर्जर, पडाना चित्रकला मंडल प्रभारी सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित किया। नोडल प्रभारी एवं बीईओ सुरेष बिरमाल तथा सहायक नोडल बीआरसी बीएल वर्मा की उपस्थिति में कार्यम संपन्न हुआ। कार्यम का संचालन सत्यानंद महाराज ने किया, जबकि उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य पूजा विजयवर्गीय ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता के आयोजन एवं व्यवस्थाओं में वैजयंती चौरसिया, सुनीता पांडे, माधुरी सोनी सहित अन्य षिक्षकों का विषेश सहयोग रहा।

पुलिस अधीक्षक ने प्रेसवार्ता में किया खुलासा

खुजनेर में व्यापारी से 1.49 लाख की लूट करने वाले 4 आरोपी धराए



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

स्थानीय व्यापारी के नगदी से भरे थैले की चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए चार वयस्क आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी गई 1 लाख 49 हजार रुपए की पूरी राशि बरामद करने के साथ ही वारदात में प्रयुक्त होंडा शाइन मोटरसाइकिल भी जब्त की है। मामले में एक नाबालिग की भूमिका भी सामने आई है, जिसके संबंध में किशोर न्याय अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। वहीं नाबालिग का पिता फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

कपड़ों पर तरल पदार्थ डालकर भटकाया ध्यान-पुलिस के अनुसार ब्यावरा निवासी 70 वर्षीय रामचंद उर्फ चंदू यादव सेल्समैन का काम करते हैं। 18 सितंबर को वे खुजनेर में दुकानदारों से सामान की सप्लाई और नगदी राशि लेने आए थे। उनके पास हरे रंग के थैले में करीब 1.49 लाख रुपए रखे थे। शाम करीब 4.30 बजे गांधी ब्रदर्स की दुकान के सामने राजगढ़ चैराहे पर किसी ने उनके कुर्ता-पायजामा पर पीछे से लालरंग का तरल पदार्थ डाल दिया। कपड़े साफ करने के लिए वे पानी लेने गए और नगदी से भरा थैला दुकान के बाहर बोरी पर रख दिया। कुछ देर बाद लौटने पर थैला गायब मिला। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना खुजनेर में अपराध 187/2026 के तहत धारा 303(2) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।

सीसीटीवी से मिला सुराग

घटना के बाद पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और फुटेज के विश्लेषण के आधार पर संदिग्धों की पहचान की गई। पुलिस जांच में बादल और एक नाबालिग की सक्रिय भूमिका सामने आई। इसके बाद अन्य आरोपियों की भूमिका भी सामने आने पर उन्हें प्रकरण में शामिल किया गया।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की पूरी 1.49 लाख रुपए की राशि बरामद कर ली। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई।

4 गिरफ्तार, 1 आरोपी फरार

पुलिस के मुताबिक मामले में बादल पुत्र कृष्णा सिसोदिया, लक्ष्मी पत्नी सज्जन सांसी, प्रिया पिता लाखन सांसी तथा नाबालिग की माता को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों का संबंध गुलखेड़ी और मुंगावली क्षेत्र से बताया गया है।वहीं नाबालिग का पिता फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। नाबालिग की पहचान संबंधी जानकारी कानून के प्रावधानों के तहत गोपनीय रखी गई है।

कलेक्टर, एसपी ने उप निर्वाचन तैयारियों का लिया जायजा

मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगर-मालवा जिले की जनपद पंचायत नलखेड़ा के दो वार्डों में जनपद सदस्य पद के लिये उप निर्वाचन के तहत 29 सितम्बर को होने वाले उप चुनाव में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सुचारू मतदान की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शेर सिंह मीना एवं पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी ने बुधवार की शाम को नलखेड़ा में जनपद पंचायत के दो वार्डों के उप चुनाव की तैयारियों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा तथा शासकीय माध्यमिक निपानिया खिंची सहित अन्य स्थानों को भ्रमण किया और मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर सुव्यवस्थित मतदान व्यवस्था का जायजा लिया। इस मौके पर एसडीएम सुसनेर श्रीमती देवकुंवर सोलंकी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

सेफ क्लिक 2.0 अभियान के तहत साइबर अपराधों के खिलाफ कार्रवाई

एपीकेफाइल डाउनलोड होते ही खाते से उड़ाई 2.72 लाख की रकम, खुजनेर पुलिस ने 100 प्रतिशत राशि कराई बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के सेफ क्लीक 2.0 अभियान के तहत साइबर अपराधों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खुजनेर पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में तीन आरोपियों को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ और निशानदेही के आधार पर ठगी गई 2,72,101 की पूरी राशि बरामद करने का दावा किया है।पुलिस के अनुसार ग्राम बड़लावदा निवासी जितेन्द्र यादव ने 18 अगस्त 2026 को थाना खुजनेर में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि मोबाइल में एक एपीके फाइल डाउनलोड करने के बाद अज्ञात लोगों ने उसके बैंक खाते से धोखाधड़ीपूर्वक राशि निकाल ली। खाते से चार ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के जरिए कुल 2,72,101 की राशि निकाली गई थी।शिकायत पर थाना खुजनेर में अपराध 171/2026 के तहत बीएनएस की धारा 318(4) एवं 319(2) में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने संबंधित बैंकों से



समन्वय कर प्रारंभिक स्तर पर 66,896 की राशि होल्ड कराई। इसके बाद विशेष टीम ने तकनीकी और साइबर विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू की।

गुजरात से जुड़े तीन आरोपी अभिरक्षा में- पुलिस टीम ने 22 सितंबर को सेफ अली, आदिल और मोहम्मद सोयल को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक पूछताछ और निशानदेही के आधार पर साइबर ठगी की पूरी 2,72,101 की राशि बरामद कर ली गई।अभिरक्षा में लिए गए आरोपियों में सेफ अली निवासी दादाभाई नगर, कठोर, सूरत, आदिल निवासी ताई वार्ड, कठौर, जिला सूरत तथा मोहम्मद सोयल निवासी ग्राम कठोर, जिला सूरत शामिल हैं। पुलिस के अनुसार मामले में आरोपियों से साइबर ठगी के नेटवर्क और घटना से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ जारी है। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने की साइबर सुरक्षा की अपील

राजगढ़ पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि अनजान लिंक, फाइल, कोड या संदिग्ध कॉल पर भरोसा न करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर संपर्क करें और साइबर क्राइम पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराएं।

कलेक्टर-एसपी ने वरिष्ठ पत्रकार स्व. बसंत गुप्ता के निवास पर श्रद्धासुमन अर्पित किए



नलखेड़ा। आगर के वरिष्ठ पत्रकार बसंत कुमार गुप्ता के गत दिवस असामयिक निधन पर कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना एवं पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी ने गुरूवार को उनके निवास पर पहुंचकर स्व. गुप्ता के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही शोक संतृप्त परिवार के प्रति अपनी ओर से शोक संवेदनाएं भी व्यक्त की तथा परिजनों से स्व. गुप्ता के पत्रकारिता एवं सामाजिक जीवन आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निलेश जैन पटेल, सहायक संचालक जनसम्पर्क जगदीश चन्द्र मालवीय, थाना प्रभारी नागेश यादव, अरविन्द गुप्ता, गौरव गुप्ता एवं गुप्ता परिवार के सदस्यगण, समाजजन उपस्थित थे।

मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं प्रमाण-पत्र वितरण समारोह के साथ हुआ। स्थापना दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्त भारत विषय पर छात्राओं के लिए रंगोली, नृत्य, कविता एवं गायन प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली में प्रथम स्थान गुंजन शर्मा, द्वितीय स्थान खुशी शर्मा तथा तृतीय स्थान विष्णु खराड़ी एवं पायल कमलेश जी ने प्राप्त किया। नृत्य में प्रथम स्थान रिद्धि लालवानी, द्वितीय स्थान भव्या शर्मा तथा तृतीय स्थान ख्वाहिश सैनी ने प्राप्त किया।



कविता में प्रथम स्थान भव्या शर्मा ने प्राप्त किया। गायन में प्रथम स्थान प्रतिबाला बैरागी, द्वितीय स्थान रंजना समरथ जी तथा तृतीय स्थान पिंकी गणपत ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. नौरीन कुरैशी के मार्गदर्शन में किया गया।

मेरे सपनों का भारतह्व विषय पर आयोजित चित्रकला में गुंजन धाकड़ ने प्रथम, प्रतिज्ञा धाकड़ ने द्वितीय तथा खुशी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण में प्रतिज्ञा धाकड़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. स्मिता मंडलोई एवं डॉ. उषा वर्मा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. नीरंजन गंगवाल, डॉ. स्मिता मंडलोई, डॉ. सपना डे, डॉ. उषा वर्मा एवं आकांक्षा जैन ने सहयोग प्रदान किया। संचालन भव्या शर्मा ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. उषा वर्मा द्वारा किया गया।

केंद्रीय गणेश उत्सव समिति इस वर्ष भी झांकियां एवं स्टाल लगाने वालों का करेगी सम्मान

मंदसौर। केंद्रीय गणोशोत्सव समिति के अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि अनन्त चतुर्दशी पर्व पर मंदसौर शहर की अपनी एक धार्मिक परंपरा का निर्वहन लगातार समिति के माध्यम से 62 वर्ष से किया जा रहा है। नगर के समाजसेवी स्व. पण्डित रामनारायण शर्मा ने छः दशक पूर्व जो पौधा रोपा था वह आज एक वटवक्ष का रूप ले चुका है। इंदौर में विकास प्राधिकरण ओर अन्य जनप्रतिनिधियों के माध्यम से झांकी निकालने वाली सभी संस्थाओं को नगद राशि सहयोग के रूप में प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाता है। मंदसौर के जनप्रतिनिधियों से भी इस सम्बंध में समिति द्वारा पत्राचार किया गया ' विधायक श्री विपिन जैन ने विधायक स्वेच्छानुदान निधि से प्रत्येक झांकी निकालने वाली संस्थाओं को 5000 की राशि दी जाने की स्वीकृति प्रदान की '. नगर पालिका द्वारा भी शील्ड देकर सम्मान किया जाता है वह भी कार्तिक पूर्णिमा के मेले में इसलिए पिछले वर्ष समिति ने निर्णय लिया कि मंदसौर शहर में अनंत चतुर्दशी पर्व पर झांकी निकालने वाली समिति एवं नगर के अनेक स्थानों पर स्वल्पाहार एवं अन्य खाद्य पदार्थ, पेयजल के स्टॉल लगाने वाले वाली संस्थाओ को शीघ्र ही एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा।

4 अक्टूबर को भोपाल में होंगे सम्मानित

पूर्व लोक अभियोजक कांतिलाल राठौर को मिलेगा मध्यप्रदेश गौरव अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

नगर के वरिष्ठ एडवोकेट और पूर्व लोक अभियोजक साहू कांतिलाल राठौर को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए मध्यप्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा।

अभूतपूर्व योगदान के लिए यह विशेष गौरव

प्रेस क्लब वेलफेयर वर्ल्ड वाइड फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित भारत अवार्ड समारोह-2026 का आयोजन 4 अक्टूबर 2026 को भोपाल स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पॉलिटेक्निक हॉल में किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय समारोह की



थीम सम्मान-प्रेरणा-परिवर्तन रखी गई है, जिसका उद्देश्य प्रदेश की अद्वितीय प्रतिभाओं, निष्ठावान समाज सेवियों और विधिक जगत के दिग्गजों को एक मंच पर सम्मानित करना है। इसी गरिमामय कार्यक्रम में साहू कांतिलाल राठौर को उनके अभूतपूर्व योगदान के लिए यह विशेष गौरव दिया जाएगा। कानून और न्याय क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले साहू कांतिलाल राठौर न केवल एक कुशल और अनुभवी वकील हैं, बल्कि अपने निर्भीक, निष्पक्ष और सेवाभावी स्वभाव के लिए भी पूरे संभाग में जाने जाते हैं।

उन्होंने अपने करियर के दौरान न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आम जनता को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके इसी अदम्य साहस और मानवीय संवेदना का अनुपम प्रमाण तब देखने को मिला था जब उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए 12 लोगों की जीवन रक्षा की थी। इस अदम्य वीरता और साहसिक कार्य के लिए उन्हें पूर्व में मध्यप्रदेश शासन द्वारा राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार से भी नवाजा जा चुका है।

नपाध्यक्ष गुर्जर ने गणेश जी की आरती की

मंदसौर। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने मंदसौर नगर के तीन गणेश पंडालों में पहुंचकर भगवान श्री गणेश जी की आरती की सर्वप्रथम गुर्जर ने समाज सेवी का अनीता दीदी के साथ गणेश पंडाल में पहुंचकर भगवान श्री गणेश जी की आरती की। गुर्जर ने शुक्ला चौक पहुंचकर बाबा ग्रुप के द्वारा स्थापित गणेश जी की मूर्ति की आरती की यहां शुक्ला चौक व्यापारी संघ के सदस्यों ने श्री गणेश जी की आरती की।



स्वयं के साथ दूसरों के आत्मकल्याण की भी चिंता करो: विरलविजयजी म.सा.

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

शांत सुधारस शास्त्र में उपाध्याय श्री विनय विजयजी म.सा. 12 प्रकार की भावनाओं की विक्षत व्याख्या करते हुए कहते हैं कि हमें स्वयं के साथ ही दूसरों के आत्म कल्याण की भी चिन्ता करनी चाहिए। आश्रव व संवर भावना का वर्णन करते हुए शास्त्रकार ने दूसरों के आत्मकल्याण की भी चिन्ता करने की बात कही है अर्थात कोई व्यक्ति धर्म से विमुख हो, देव गुरु के दर्शन नहीं करता है तो उसे धर्म से जोड़ो। ऐसा करना भी पुण्य का कार्य है।

उक्त उद्गार व.पू. जैन संत मुनिराज श्री विरलविजयजी म.सा. ने कहा कि शांत सुधारस में चित सारथी मंत्री का वृतान्त बताया है आपने कहा कि गणधर केसी के समय परदेसी राजा का शासन था वह मांसाहारी, मदिरा पान करने वाला तथा धर्म के कार्य से दूर रहने वाला शासक था। लेकिन उसका मंत्री चित्र सारथी धार्मिक व्यक्ति था तथा जैन धर्म का अनुयायी तथा सदविचारों के साथ जीवन निर्वहन करने वाला श्रावक था। उसने अपने राजा के जीवन में बदलाव लाये तथा वह धर्मनिष्ठ बने इसके लिये उन्होंने के सी गणधर जो कि उस समय जैन संत (मुनिराज) थे उन्हें अपनी नगरी में आमंत्रित किया ताकि राजा को धर्म का प्रतिबोध मिले। प्रतिदिन शराब, मांसाहार करने के कारण राजा का जीवन धर्म में संलग्न हुये बिना ही समाप्त नहीं हो जाये ऐसा विचार कर मंत्री चित्र सारथी ने राजा परदेसी को मुनिराज के सी गणधर से मिलवाया तथा उन्हें धर्म का प्रतिबोध दिलाने में सहायक का कार्य किया। मंत्री चित्र सारथी के कारण परदेसी राजा के जीवन में परिवर्तन हुआ और आत्मकल्याण के मार्ग की ओर प्रवृत्त हुआ।

नगर परिषद सीमेन्ट क्रांकीट पेचवर्क कार्य करा रही

मंदसौर। नपा लोकनिर्माण समिति सभापति निर्मला नरेश चंदवानी ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के निर्देशानुसार व उनके मार्गदर्शन में मंदसौर नगर के मुख्य मार्गों व चौराहों पर जहां सड़कों में अत्यधिक गड्ढे है तथा जहां आवागमन प्रभावित हो रहा है उन स्थानों पर सीमेन्ट क्रांकीट पेचवर्क का कार्य किया जा रहा है। नगर परिषद ने नयापुरा रोड शुक्ला चौक से लेकर महाराणा प्रताप बस स्टेण्ड तक सीमेन्ट क्रांकीट के पेचवर्क के कार्य को पूर्ण कर लिया है तथा अन्य स्थानों पर भी पेचवर्क का कार्य किया जा रहा है। यह उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु में शासन के नियमो के अनुसार डामरीकरण एवं डामरीकरण का पेचवर्क कार्य प्रतिबंधित रहता है। इसी कारण नगर पालिका नागरिको की



सुविधा के लिये वर्षा ऋतु में जहां भी आवश्यकता है वहां सीमेन्ट क्रांकीट के पेचवर्क का कार्य करा रही है। आगामी त्योहारों को देखते हुए नगर पालिका के द्वारा नागरिकों के हित हेतु यह कार्य किया जा रहा है। अक्टूबर माह में जब वर्षा ऋतु पूरी तरह समाप्त हो जायेगी तब नगर परिषद जहां भी जरूरत होगी वहां डामरीकरण का पेचवर्क कार्य करायेगी।